


# जमकर उड़ा रंग- गुलाल, उत्साह से मनाई होली

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 मार्च।** शहर के पुलिस लाइन ग्राउंड में इस वर्ष होली का पर्व पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एसपी

**पुलिस लाइन ग्राउंड में धूमधाम से मना त्योहार**

असित यादव ने शहरवासियों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ जमकर होली खेली। इस अवसर पर एडीएम एलके पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

होली का काफिला ऑफिसर कॉलोनी से प्रारंभ हुआ, जहां से एसपी एक लग्जरी कार में सवार होकर ढोल-नगाड़ों की धुन पर सभी थाना प्रभारियों के साथ नाचते-गाते पुलिस लाइन ग्राउंड पहुंचे। ग्राउंड में पानी के फुहारों और रंग-गुलाल के बीच सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ होली का आनंद लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पुलिस अधीक्षक निरंजन



राजपूत, अटेर एसडीओपी रविंद्र बास्कले, लहार पुलिस थाना निरीक्षक शिव सिंह यादव, आरआई अरविंद सिकरवार, फूफ थाना प्रभारी सतेंद्र राजपूत, अटेर थाना प्रभारी रामनरेश यादव, ऊमरी निरीक्षक शिव प्रताप सिंह राजावत, कोतवाली निरीक्षक बृजेंद्र सेंगर, देहात निरीक्षक मुकेश शाक्य, मेहगांव निरीक्षक महेश शमा, गोहद थाना प्रभारीअभिषेक गौतम, निरीक्षक आशुतोष शर्मा, भारौली थाना प्रभारी गिरीश शर्मा, बरोही थाना प्रभारी अतुल भदौरिया, नयागांव थाना प्रभारी वैभव तोमर, अमायन थाना प्रभारी अभिषेक राय, एसपी पीए विपिन सविता, एसआई सत्यवीर, एसपी रीडर अशोक सविता, एएसपी रीडर राजेंद्र जसौरिया सहित जिले भर के सभी थाना प्रभारी एवं भारी संख्या में पुलिस बल उपस्थित रहा। कार्यक्रम में गणमान्य नागरिकों और पत्रकार साथियों की भी उपस्थिति रही। रंग उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाई गई यह होली सामाजिक समरसता और पुलिस- जन सहयोग का सुंदर उदाहरण बनी।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से मजदूर की मौत

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 मार्च।** मालनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भिंड-ग्वालियर रोड पर राजावत होटल के समीप बुधवार देर रात एक सड़क हादसे में एक

**ग्वालियर रोड पर राजावत होटल के पास हुआ हादसा**

मजदूर की मौत हो गई। अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रूप से घायल हुए युवक ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात करीब 9 बजे जवान सिंह पुत्र रामेश्वर सिंह गुर्जर निवासी देवगढ़ पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में जवान सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से घायल को तत्काल गोहद अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गुरुवार तड़के लगभग 2 बजे मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मामले की जानकारी देते हुए अब्दुल शमीम ने बताया कि अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और आसपास के क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है।

# जीवात्मा के कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं भगवान चित्रगुप्त



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 मार्च।** हिंदू धर्म में मान्यता है कि किसी मनुष्य की मृत्यु के उपरांत यमलोक पहुंचने पर भगवान चित्रगुप्त उसके जीवन में किए गए समस्त कर्मों का लेखा- जोखा यमराज के समक्ष प्रस्तुत करते हैं जिसके आधार पर यह निर्णय होता है कि आत्मा को स्वर्ग प्राप्त होगा अथवा नरक। ऐसे न्यायप्रिय देव भगवान चित्रगुप्त महाराज की सामूहिक पूजा-

**होली की द्वितीया पर भगवान चित्रगुप्त की हुई सामूहिक पूजा- अर्चना**

अर्चना होली के महापर्व की द्वितीया तिथि पर श्रद्धा और विधि- विधान के साथ संपन्न हुई। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की जिला इकाई के तत्वावधान में गुरुवार सुबह बद्री प्रसाद बगिया प्रांगण स्थित चित्रगुप्त मंदिर में हवन- पूजन का आयोजन किया गया। वहीं सायंकाल चित्रगुप्त गंज स्थित मंदिर पर पूजा- अर्चना एवं महाआरती संपन्न हुई जिसमें समाज के लोगों ने बढ़- चढ़कर सहभागिता निभाई।

देव आह्वान के साथ हवन- पूजन का कार्यक्रम गायत्री परिवार के रामप्रकाश सविता द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्य एवं महिमा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भगवान चित्रगुप्त ब्रह्माजी के मानस पुत्र हैं जिनकी रचना ब्रह्मा के चित्त एवं आत्मा से मानी जाती है। शास्त्रों के अनुसार उन्हें ब्राह्मणोचित वेद लेखन का अधिकार एवं क्षत्रियोचित न्याय का दायित्व प्रदान किया गया। जिससे वे सृष्टि के प्रत्येक जीव को उसके कर्मों के अनुसार न्याय दिला सकें ।मंदिर में पूजा- अर्चना एवं आरती का संचालन पुजारी मनीष तिवारी द्वारा किया गया।

**कार्यक्रम में इनकी रही उपस्थिति**

कार्यक्रम में दीपक सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, श्याम मोहन श्रीवास्तव, दयाल सेवक श्रीवास्तव, केके श्रीवास्तव, देवेंद्र श्रीवास्तव, रामनिवास श्रीवास्तव, रविंद्र कुमार सक्सेना, सुदीप सक्सेना, अर्जुन श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, राजीव श्रीवास्तव, रामबाबू श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, रामकुमार श्रीवास्तव, सुनीता श्रीवास्तव, प्रीति सक्सेना, रामबेटी श्रीवास्तव, कौशल किशोर श्रीवास्तव भानु श्रीवास्तव, प्रमोद श्रीवास्तव, मंजू श्रीवास्तव, अरुण श्रीवास्तव, किशन स्वरूप श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, देवेंद्र कुमार श्रीवास्तव, यतीश सक्सेना, विनोद श्रीवास्तव ,दिनेश सक्सेन,। अनिल श्रीवास्तव, सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव,, राकेश श्रीवास्तव, अनिल सक्सेना, जगदीश श्रीवास्तव, अमित श्रीवास्तव, गोविंद श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, सतीश कुमार श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, रमेश बाबू श्रीवास्तव, संजय सक्सेना, आनंद श्रीवास्तव, रामनिवास श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव आदि की उपस्थिति रही।

# भाई दूज पर उप जेल में भैया-बहनों की भावुक मुलाकातें

**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड/गोहद, 5 मार्च।** होली पर्व की भाई दूज के पावन अवसर पर गुरुवार को उप जेल में मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा दृश्य देखने को मिला। सुबह 8.30 बजे से दोपहर 1 बजे तक जेल प्रशासन द्वारा विशेष

**158 बहनों ने 57 बंदियों से की भेंट, तिलक कर लंबी उम्र की कामना**



व्यवस्था के तहत परिरुद्ध बंदियों की उनकी माताओं एवं बहनों से प्रत्यक्ष मुलाकात कराई गई। जहां बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी लंबी उम्र और सकुशल जीवन की कामना की।

उप जेल सहायक अधीक्षक हेम सरिता मिंज ने बताया कि जेल सुरक्षा एवं नियमों को ध्यान में रखते हुए पूर्व से ही स्पष्ट निर्देश जारी किए गए थे कि मुलाकात के दौरान कोई भी प्रतिबंधित सामग्री जैसे मोबाइल फोन, मादक पदार्थ अथवा अन्य बाहरी सामग्री साथ लाना पूर्णत: निषिद्ध रहेगा। सभी बहनों से अपील की गई थी कि वे नियमों का पालन करते हुए ही मुलाकात के लिए आएं। भाई दूज के आयोजन को सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु सब जेल प्रशासन द्वारा कुमकुमख अक्षत सहित अन्य आवश्यक पूजन सामग्री की व्यवस्था स्वयं की गई थी जिससे बहनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

जेल प्रशासन के अनुसार निर्धारित समयावधि में कुल 57 बंदियों से 158 बहनों ने मुलाकात की। इस दौरान कई बहनों की आंखें भावुक हो उठीं वहीं भाइयों के चेहरों पर भी बहनों से मिलकर संतोष और अपनापन झलकता नजर आया। भाई दूज के इस आयोजन ने जेल परिसर में कुछ समय के लिए ही सही लेकिन पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट और पर्व की खुशियों का एहसास जरूर कराया।

# हमेशा याद किए जाते हैं देश और समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व

**शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्वतंत्रता सेनानी स्व. लक्ष्मीनारायण राजौरिया की प्रतिमा का अनावरण**



**नवभारत न्यूज**

**भिण्ड, 5 मार्च।** शहर में स्थित भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण में देवाधिदेव महादेव के परिवारजन की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी तथा लोकतंत्र सेनानी, समाजसेवी पं. लक्ष्मीनारायण राजौरिया की प्रतिमा का अनावरण किया गया। इस अवसर दंदरौआ सरकार के महंत रामदास महाराज सहित बड़ी संख्या में समाजजन की उपस्थिति रही।

बता दें स्वर्गीय पं. लक्ष्मीनारायण का व्यक्तित्व और कृतित्व समाज के लिए समर्पित रहा। वे समाज के संरक्षक तो थे ही साथ में उनका योगदान स्वतंत्रता सेनानी, मीसाबंदी के रूप में राष्ट्र के लिए भी रहा। उनके द्वारा अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा का गठन भी किया। जिसमे उनका साथ उनके मित्र स्व. परशुराम कटारे जी ने भी दिया। समाज के उत्थान का संकल्प लिए उन्होंने पैदल व साइकल से गांव- गांव यात्रा की और ब्राह्मण समाज को एक जुट कर समाज को एक छत के नीचे खड़ा करने का संकल्प लिया ।लोगों से एक- एक रुपया जुटाकर जगह खरीदी जहां भगवान परशुराम जी प्रतिमा स्थापित कराई और छात्र छात्राओं छात्रावास बनाने का संकल्प भी लिया। लेकिन समय को यह मंजूर नही था। वे एक दिन छात्रावास का काम कराकर अपने घर जा रहे थे तभी ब्लॉक कालोनी के पास किसी आज्ञात वाहन ने उनको टक्कर मार दी जिसमे उनकी मौत हो गई।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के द्वारा मीटिंग कर परिजनों से प्रतिमा स्थापित करने की बात कही गई। तब राजौरिया परिवार द्वारा भगवान शिव के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा कराकर पिता जी की प्रतिमा का अनावरण कराने का संकल्प लिया गया। प्राण प्रतिष्ठा एवं अनावरण अवसर पर चिलोंगा आश्रम के महंत अवधूत महाराज, सांई धाम तेजपुरा के महंत कालीदास महाराज, परशुराम मंदिर के महंत गुड्डू पुजारी, पूर्व मंत्री चौ. राकेश सिंह, डॉ रमेश दुबे, पूर्व विधायक संजीव सिंह कुशवाह, पूर्व विधायक गिर्राज दंडोतिया, ब्राह्मण महासभा अध्यक्ष सतीश जोशी, बाबा भगवान दास सेंथिया, ओम प्रकाश पुरोहित (जौरी), डॉ रामबाबू शर्मा, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, राकेश शर्मा, शशिकांत राजौरिया, देवेश शर्मा, ओम प्रकाश पुरोहित (लावन), कमलेश सेथिया, राजमणि शर्मा, प्रेम नारायण शर्मा, गुड्डू बसेडिया, अजय शर्मा, सुभाष शर्मा रमन शर्मा, नितिन शर्मा, प्रांजल शर्मा आदि समाज उपस्थित रहा ।

# प्रदेश में तेज धूप के चलते गर्मी बढ़ी

**24 घंटों के दौरान, प्रदेश में मौसम मुख्यत: शुष्क**




**नवभारत रिपोर्टर**

**भोपाल, 05 मार्च. राजधानी सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में तेज धूप के चलते गुरूवार को लोगों को गर्मी का अहसास हुआ. मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान प्रदेश के सभी संभागों के जिलों में मौसम मुख्यत: शुष्क रहा.**

वहीं अधिकतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ. भोपाल, इंदौर, नर्मदापुरम, उज्जैन, रीवा, जबलपुर, शहडोल संभागों के जिलों में सामान्य से 1.8° से. 2.7° से. तक अधिक रहा, ग्वालियर, चंबल, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से 3.5° से. - 4.0° से. काफी अधिक रहा. न्यूनतम तापमान ग्वालियर संभाग के जिलों में 2.2° से. तक काफी बढ़े एवं शेष सभी संभागों के जिलों के तापमानों में विशेष परिवर्तन नहीं हुआ.

चंबल संभाग के जिलों में सामान्य से 1.9° से. अधिक रहा, ग्वालियर संभाग के जिलों में सामान्य से 3.4° से. तक काफी अधिक रहे एवं शेष सभी संभागों के जिलों में सामान्य रहा. उत्तर ओडिशा और संलग्न गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण सक्रिय है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक एक ट्रफ, उत्तर प्रदेश के मध्य भागों से लेकर उत्तर ओडिशा और उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल के ऊपर सक्रिय चक्रवातीय परिसंचरण तक, पूर्वोत्तर मध्य प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ और दक्षिण झारखंड से होकर माध्य समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊँचाई पर विस्तृत है. उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं, उत्तर-पश्चिम भारत के ऊपर माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊँचाई पर लगभग 204 किमी प्रति घंटा की गति से बह रही हैं. एक नया पश्चिमी विक्षोभ, मध्य स्तर के क्षोभमंडलीय पश्चिमी पवनों में ट्रफ़ के रूप में माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊँचाई पर लगभग 50ए ई देशांतर के साथ, 30ए एन अक्षांश के उत्तर में अवस्थित है.

# मिडिल ईस्ट से लोगों को निकालने के प्रयास

## रेसलर प्रियांशी सुरक्षित पहुंची



**भोपाल, 05 मार्च. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अल्बानिया के तिराना शहर में आयोजित वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप रैंकिंग सीरीज़ में हिस्सा लेने गई मध्यप्रदेश की बेटी सुश्री प्रियांशी प्रजापत की सुरक्षित स्वदेशी वापसी के लिए उच्च स्तरीय प्रयास किए जिसके फलस्वरूप खिलाड़ी बेटी वापस भारत पहुंच गई है.**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सुश्री प्रियांशी को उत्कृष्ट प्रदर्शन, रजत पदक जीतने के लिए बधाई भी दी है. डॉ. यादव ने प्रियांशी के उज्जैन निवासी परिजन से भी आज वीडियो कॉल से चर्चा की. प्रियांशी के पिता प्रजापत ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया. गत 24 फरवरी से 28 फरवरी तक अल्बानिया में हुई वर्ल्ड रेसलिंग प्रतियोगिता में प्रियांशी ने 26 फरवरी को यह मुकाबला जीता था.

**प्रधानमंत्री ने निकाली समाधान की राह : मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि मध्य पूर्व क्षेत्र में युद्ध की स्थिति पर मध्यप्रदेश के नागरिकों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण व्यवस्थाएं की गई हैं. इसके लिए विशेष कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. राज्य शासन इस बारे में संवेदनशील है. गृह विभाग, मध्यप्रदेश शासन और नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त कार्यालय मध्यप्रदेश भवन की टीम तैनात है. सीएम हेल्पलाइन 181 नंबर पर परिजन से प्राप्त हो रही सूचनाओं को गंभीरता से लिया जा रहा है. सभी का पंजीयन और रिकॉर्ड भी रखा जा रहा है. भारत शासन के विदेश मंत्रालय से समन्वय स्थापित कर नागरिकों को सुरक्षित वापस स्वदेश बुलवाने की व्यवस्था की गई है. सरकार अपनी तरफ से कोई कमी नहीं करेगी.

**दिल्ली, भोपाल में कंट्रोल रूम, फसे लोग कर सकते हैं संपर्क**

राज्य शासन ने मध्य-पूर्व देशों में युद्ध की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए खाड़ी देशों में रह रहे प्रदेश के निवासियों की सहायता के लिए मध्यप्रदेश भवन, नई दिल्ली में 24×7 कंट्रोल रूम की स्थापना की है. खाड़ी देशों में अध्ययन, नौकरी, व्यवसाय, पर्यटन, इत्यादि के लिए गये प्रदेश के निवासी वर्तमान परिस्थितियों में सहायता प्राप्त करने के लिये कंट्रोल रूम में दूरभाष नम्बर, व्हाट्सऐप नम्बर, ई-मेल आई.डी. पर संपर्क कर सकते हैं. कंट्रोल रूम की सहायता से शासन द्वारा संबंधितों को केंद्र सरकार एवं संबंधित अन्य एजेंसियों से संपर्क करते हुए सहायता उपलब्ध कराई जा सकेगी. भोपाल के वल्लभ भवन (मंत्रालय) में भी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है.

# धुलेंडी पर युवतियों से अभद्रता का आरोप, युवक पुलिस के हवाले

- एमआर-10 क्षेत्र में रंग दे होली कार्यक्रम में हंगामा
- मोबाइल में आपत्तिजनक चैट व वीडियो होने का दावा

**इंदौर, 05 मार्च. एमआर-10 क्षेत्र में आयोजित रंग दे होली कार्यक्रम के दौरान एक युवक पर युवतियों के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगा है.**

सूचना मिलने पर कुछ हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और युवक को पकड़कर पूछताछ के बाद बाणगंगा पुलिस के सुपुर्द कर दिया. बाणगंगा थाना प्रभारी सियाराम गुर्जर ने बताया कि पकड़े गए युवक ने अपना नाम सोबी फिलिप्स निवासी भोपाल बताया है. कार्यक्रम में मौजूद कुछ युवतियों के साथ कथित तौर पर अश्लील हरकत करने की शिकायत मिलने के बाद हिंदूवादी संगठन से जुड़े कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए. कार्यकर्ताओं ने जब उससे पूछताछ की और उसका मोबाइल फोन देखा तो उसमें कथित रूप से अश्लील वीडियो और कई लड़कियों के साथ आपत्तिजनक चैट मिलनेका दावा किया.

कार्यकर्ताओं का यह भी आरोप है कि युवक सोशल मीडिया पर हिंदू नाम बताकर लड़कियों से दोस्ती करता था और उनसे बातचीत करता था. इस बात को लेकर मौके पर कुछ देर तक हंगामे की स्थिति भी बनी रही.